<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 28.08.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड हाईकोर्ट ने पाकुड़ के पैनम कोल माइंस में कथित अवैध खनन मामले की एसीबी से जांच कराने का दिया आदेश, राज्य सरकार के जवाब पर जताया असंतोष।
- सीआईडी ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी मामले में दो आरोपियों– सोमांश प्रकाश और उसके सहयोगी राहुल कुमार को दिल्ली से किया गिरफ्तार।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को एक ही खतियान से जुड़ी वंशावली वाले मतदाताओं की जांच करने का दिया निर्देश।
- देशभर में आज मनाया जा रहा रक्षाबंधन का त्योहार, राष्ट्रपति ने देशवासियों को दी बधाई, परिवार और समुदायों के बीच रिश्तों को मज़बूत करने का संकल्प लेने का किया आह्वान।
- 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप के अंडर–17 बालिका वर्ग में झारखंड ने मिजोरम को 2–0 से पराजित कर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के खिताब पर जमाया कब्जा।

<u>*********************</u>

झारखंड हाईकोर्ट ने पाकुड़ के पैनम कोल माइंस में कथित अवैध खनन पर राज्य सरकार के जवाब पर असंतोष जताते हुए मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी से कराने का आदेश दिया है। अदातल ने कल सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि एसीबी 5 नवंबर तक अपनी जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश करे। गौरतलब है कि पैनम माइंस नाम की कंपनी को 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन की लीज दी थी, लेकिन उसने लीज से अधिक खनन किया, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ।

<u>*********************</u>

झारखंड हाईकोर्ट ने 2010 में हजारीबाग में एनटीपीसी के परियोजना कार्यालय के उद्घाटन के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े आपराधिक मामले में पूर्व कांग्रेस मंत्री योगेंद्र साव को बरी कर दिया है। अदालत ने पाया कि इस बात का कोई विशिष्ट साक्ष्य मौजूद नहीं है कि उन्होंने किसी पर हमला किया था या भीड़ को उकसाया था। हाईकोर्ट ने निचली अदालतों के उन निष्कर्षों को रद्द कर दिया, जिनमें योगेंद्र साव को दोषी ठहराया गया था।

<u>*********************</u>

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा में कथित अनियमितता मामले में सीआईडी ने दो आरोपियों– सोमांश प्रकाश और उसके सहयोगी राहुल कुमार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। सीआईडी की विशेष कोर्ट में पेशी के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दोनों वर्तमान में दिल्ली में रह रहे थे। सीआईडी के अनुसार सोमांश प्रकाश जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा के संचालन से संबंधित कार्यों से जुड़ा था। जांच के दौरान उसके सहयोगी राहुल कुमार की भूमिका भी सामने आयी थी।

<u>*********************</u>

खान और खनिज संशोधन अधिनियम पर प्रदेश भाजपा और कांग्रेस के बीच बयानबाजी तेज हो गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि एमएमडीआर संशोधन अधिनियम का पूरे देश में कहीं कोई विरोध नहीं हो रहा है, लेकिन झारखंड में कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही है।

वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने एमएमडीआर संशोधन के विरोध को झारखंड के संवैधानिक अधिकार, राजस्व, आदिवासी हित और खनिज संपदा की रक्षा की लड़ाई करार दिया है।

<u>*********************</u>

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को एक ही खतियान से जुड़ी वंशावली वाले मतदाताओं की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने एसआईआर की समीक्षा के दौरान कहा कि होम–टू–रोल सत्यापन, एक परिवार–एक मतदान केंद्र, नए पात्र भारतीय नागरिकों के पंजीकरण, नो–मैप और तार्किक विसंगति वाले मामलों के नियमानुसार निष्पादन को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार या एक ही घर के मतदाता अलग–अलग मतदान केंद्रों पर सूचीबद्ध हैं तो उन्हें उनके नजदीकी और एक ही मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध करें।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

भाई–बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन आज देशभर में पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने हर नागरिक से परिवार और समुदायों के बीच रिश्तों को मज़बूत करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। इधर, रांची के नामकुम स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की चार छात्राएं– रोशनी लकड़ा, विभा कुमारी, नेहा कुमारी और सिमरन आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में राष्ट्रपति को राखी बांधेंगी।

*********************

रांची नगर निगम बोर्ड ने शहर के विकास, नगर निगम की व्यवस्था, जलापूर्ति, सफाई, राजस्व और बाजार से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य कराने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी। मेयर रोशनी खलखो ने बताया कि शहर को व्यवस्थित करने के लिए निगम स्तर पर कई आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

*********************

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश का अनुमान जताया है। विभाग ने इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश के साथ–साथ तेज हवा चलने और वज्रपात होने की चेतावनी जारी की है। आज हजारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा, बोकारो, रामगढ़, रांची एवं खूंटी में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है जबकि कल चतरा, हजारीबाग, कोडरमा एवं गिरिडीह में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

*********************

खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के सैकड़ो युवाओं के साथ संवाद किया। वर्चुअल माध्यम से श्री मोदी ने खिलाड़ियों से वर्ष 2036 ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों को आज से ही तैयारी करने को कहा। युवाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने और नशे से बचने की सलाह दी।

*********************

नयी दिल्ली में कल 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप के अंडर–17 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में झारखंड की संत पैट्रिक स्कूल गुमला की टीम ने मिजोरम की एनसीसी टीम को 2–0 से पराजित कर तीसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिले के उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने पूरी टीम को बधाई दी है।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नेपाल में आयी भीषण तबाही और दोबारा आने वाले संभावित बाढ़ को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

दैनिक भास्कर ने लिखा है– 290 भारतीयों का अबतक सुराग नहीं, समय के साथ उम्मीदें भी घटती जा रहीं।

प्रभात खबर ने नेपाल की विनाशाकारी बाढ़ में रांची निवासी रामप्रसाद घोष के लापता होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने जेएसएससी–सीजीएल मामले में दिल्ली से दो आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है। वहीं हिन्दुस्तान ने सीआईएसएफ के तीन अधिकारियों को घूस लेते गिरफ्तार किये जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*****************